गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

(ISO 9001 :2015 एंव ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

विकास पथ, गाजियाबाद

पत्रांक : 434/ नियो0 अनु0/ 2021 दिनांक : 09/12/2021

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि संजय कुमार उर्फ संजयपाल द्वारा खसरा संख्या - 26 मि एवं 27 मि क्षेत्रफल 704.92 वर्ग मी० ग्राम घूकना, गाजियाबाद की भूमि पर पैट्रोल पम्प हेतु ऑनलाईन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। गाजियाबाद जोनल डेवलपमेन्ट प्लान 2021 जोन-1 के अनुसार प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग 45 मी० चौडे जोनल मार्ग का मार्गाधिकार छोड़ने के उपरान्त शेष भाग आवासीय भू-उपयोग आवासीय के अन्तर्गत प्रदर्शित है। जोनल प्लान में उल्लिखित जोनिंग रेगुलेशन के प्रावधानों के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में पैट्रोल पम्प किया सशर्त अनुमन्य है, जिस हेतु स्थल न्यूनतम 24 मी० चौडे मार्ग पर विद्यमान होना अनिवार्य है। सन्दर्भित स्थल 45.0 मी० चौडे जोनल मार्ग पर स्थित है। इस प्रकार की क्रिया की अनुमति से पूर्व जन-सामान्य से आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान जोनिंग रेगुलेशन में निहित है। उक्त के दृष्टिगत प्रस्तुत मानचित्र की स्वीकृति से पूर्व जन-सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव कार्यालयए मुख्य वास्तुविद एवं नगर नियोजक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

उपाध्यक्ष

ई-मेलः helplinegda@gmail.com, f : @gdagzb, : @gdagzb

हेल्पलाईन 0120-6110 433, व्हाट्सएपः 9990988004 वेबसाईटः www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प